**Title:** Requests the Minister of Information and Broadcasting and Communications to make a statement on the present position and settle the issue of strike by Postal Employees.

12.39 hrs.

MR. CHAIRMAN : Shrimati Geeta Mukherjee. You wanted to raise the issue of Postal strike.

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (PANSKURA): Yes; and I believe it should be the concern of the whole House and not only of me. Six lakh postal employees are on strike for so many days and the whole postal communication is in disarray. Even then, unfortunately, the Government is standing on a prestige point and not calling the leaders of the employees to discuss and thereby settle the issue. As I understand, if the Government calls them it can be settled. I am charging them that by their insistence and arrogance of not calling them the whole country is being held to ransom.

So, it is not a question of some Government bureaucrats calling them. Why should not the Minister call them? Let the Prime Minister intervene. We want the strike to be called of in favour of the employees as quickly as possible.

MR. CHAIRMAN: Shri V.V. Raghavan's is the next name.

SHRI BASU DEB ACHARIA : I have also given a notice on this.

MR. CHAIRMAN: Do you not want them to be called? All right, you speak.

... (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA: Today is the seventh day of the postal employees' strike. More than six lakh postal employees have gone on strike. Postal services in our country have been totally paralysed and the Government is sitting on the matter. They have not taken any action so far.

Yesterday, I met the hon. Prime Minister. The hon. Minister of Finance was also there. I requested the hon. Prime Minister to intervene in the matter. (Interruptions).

MR. CHAIRMAN : Shri Basu Deb Acharia, this matter has come here time and again. The Government has also replied. What is new matter that you are stressing?

... (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, I am coming to the new matter. (Interruptions).

MR. CHAIRMAN: Shri Premachandran, do you not want other names to be called? I have called Shri Basu Deb Acharia. Why are you interrupting? He is capable of defending himself.

... (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Justice Talwar Committee was appointed in 1994 and it has given its report in April, 1997. However, no action has been taken by the Government on that. (Interruptions). The extra departmental employees are like bonded labourers. They have no pay scales. They are not getting any pension or gratuity.

The Standing Committee on Communications had also recommended and asked the Government to negotiate with the representatives of the unions and settle the issue.

I urge upon the Government to settle the issue immediately so that the normal situation is created in the country. (Interruptions).

">SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): The hon. Minister should respond. This is a very important issue. (Interruptions).

MR. CHAIRMAN: Will you hear me? Will you resume your seat? I am on my legs. Shri Radhakrishnan, please resume your seat. I am standing. I am on my legs.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat. Shri Swain, please resume your seat.

... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: My humble submission is that this is not a routine matter. We want the hon. Minister of Parliamentary Affairs to respond on this. (Interruptions).

MR. CHAIRMAN: I have called Shri V.V. Raghavan. Shri Raghavan, do you want to say anything?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN That is what I am asking you. I had called somebody and you stood up and started saying.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: That is what I am asking. What is going on in this House? Nobody is prepared to hear.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: You are taking such a serious matter lightly.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: That is the trouble. You do not want to listen. Everybody stand up. Can I handle everybody?

... (Interruptions)

">PROF. P.J. KURIEN We also want to say something in this matter. This is a matter concerning the entire House. Six lakh workers are on strike. All the communication facilities are in doldrums. Therefore, this is an important matter. We also want to express our views. I have only to say why the Government is sticking to prestige. Why do they not directly ....(Interruptions)

श्री अजीत जोगी (रायगढ़): सभापति जी, मैं भी बोलना चाह रहा हूं।

PROF. P.J. KURIEN Sir, not only this side, that side also should be concerned. It should be the concern of every hon. Member. ....(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I will call the Minister. That is all.

PROF. P.J. KURIEN Because the communication system is paralysed. ....(Interruptions)

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, before the Minister's reply, you have called me. ....(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I call the Minister.

">

श्री मदन लाल खुराना: एक मिनट। सभापति जी, प्रैस्टीज का कोई इश्यू नहीं है। ... (व्यवधान) मैं बता रहा हूं न। ...(

Interruptions)

SHRI P.C. THOMAS We do not want to hear the Parliamentary Affairs Minister. We want to hear the concerned Minister, ....(Interruptions)

SHRI V.V. RAGHAVAN (TRICHUR): One section of the people are suffering. ....(Interruptions) They are deprived of every facility. ....(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: What is going on in this House? Can anybody stand up and say whatever he feels?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: You do not. Nobody listens to the Chair. There is no order in this House. I wanted that everyone should give his view point. Shri Basu Deb Acharia just gave a speech and all of you are again standing up together. The Minister wants to react. How could I conduct this House?

... (Interruptions)

SHRI AJAY CHAKRABORTY (BASIRHAT): You called his name. ....(Interruptions)

SHRI V.V. RAGHAVAN Mr. Chairman, Sir, the extra-departmental postal employees are a shame on all of us because they have no facility.

MR. CHAIRMAN: Do you want to Government to react?

SHRI V.V. RAGHAVAN Yes.

MR. CHAIRMAN: You sit down.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Prof. Kurien.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: He is to complete.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I will come back to you.

... (Interruptions)

सभापति महोदय : मैंने कहा, आपको भी चांस मिलेगा। इस तरह तो चांस नहीं मिलेगा। अगर आप इस तरह से करेंगे तो मैं बोलने की इजाजत नहीं दूंगा।

... (व्यवधान)

प्रो. पी.जे. कुरियन : चेयरमैन साहब ने हमें परमीशन दी है, अभी हमें सुनिये।

... (व्यवधान)

I want to say that this is a problem which should concern every Member of this House and not only Members on side side. All of us on this side feel and I am sure that they, on the other side, also feel that this problem should

be settled immediately. The entire communication system has collapsed. We are sorry that the Government takes it as a prestige issue. I would request the Government not to consider it as a prestige issue and start negotiations with the striking employees and try to settle it because this is in the national interest.

Secondly, the demands of the striking employees are genuine. If not all, some of their demands are very genuine, including that of ED workers. ....(Interruptions) This House some time back had unanimously recommended that something should be done in the case of ....

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : The Standing Committee also unanimously recommended.

PROF. P.J. KURIEN : The Standing Committee also unanimously recommended. So, I request the Government to please leave the prestige and do something. Now, I request the Government to come forward with a solution. The matter should be settled at the earliest.

MR. CHAIRMAN: Shri P.C. Thomas, you speak just one sentence.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I will come back to you.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Let me hear him.

... (Interruptions)

">SHRI P.C. THOMAS Mr. Chairman, Sir, the Government should remember that the strike of the postal employees has hit the postal services in the country very badly. The Government, in its first Budget itself, has increased the postal tariff to a large extent. Now, the people are not getting the postal services for quite a number of days. The students are not getting their interview cards in time and as a result they are not getting their admissions in time. The postal strike has affected the job seekers also very seriously and it has affected the whole of India.

Sir, the Extra Departmental employees have been praying for their demands for quite a long time now and the Government knows very well that the leaders who are now sitting in the Treasury Benches have been taking up this cause when they were in the Opposition.

MR. CHAIRMAN: Shri Thomas, please wind up. You cannot make a speech.

SHRI P.C. THOMAS Sir, I am concluding.

Sir, the Prime Minister should come to the House and assure us that something would be done to settle the matter immediately, so that the strike is called off.

श्री विजय गोयल (चांदनी चौक): सभापति जी, ऐसे तो हाउस में व्यवस्था नहीं हो पाएगी। पता नहीं एक ही विषय पर कितना समय लगेगा। हम लोग शांत बैठे हुए हैं, हमें तो मौका नहीं मिल रहा, लेकिन जो लोग हल्ला करते हैं, उन्हें आप मौका दे रहे हैं।

MR. CHAIRMAN: I have called him.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Do you want to enforce your judgement on me?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I will come back to you.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज): एक ही विषय पर शून्य काल में सारा समय लग जाता है, हम जैसों को मौका ही नहीं मिलता।

सभापति महोदयः आप बताएं कि मैं हाउस को कैसे कंडक्ट करूं?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I have given the floor to him. Please resume your seat.

श्री लालू प्रसाद (मधेपुरा): सभापति जी, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

सभापति महोदयः लालू जी आप सीनियर मेम्बर हैं, आप बैठिए। आपको मालूम होना चाहिए कि जीरो ऑवर में पाइंट आफ आर्डर नहीं होता है।

श्री लालू प्रसाद : आप सुनिए तो सही

... (व्यवधान)

कर्मचारियों के मामले में इन्होंने सात दिन पहले जो कहा

... (व्यवधान)

मंत्री जी ने सदन को गुमराह किया

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः इनको मैंने मौका दिया है, आप बैठिए।

श्री लालू प्रसाद : लेकिन मेरा व्यस्था का प्रश्न है।

सभापति महोदयः आपका पाइंट आफ आर्डर किस नियम के तहत है?

श्री लालू प्रसाद : यहां कोई सरकार नहीं है। सात दिन पहले इस बात पर चर्चा हुई थी

... (व्यवधान)

सभापति महोदयः लालू जी आपका पाइंट आफ आर्डर क्या है?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: You are a senior leader. Do not waste the time of the House like this. I am sorry to say this.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Will you resume your seat Shri Gopalan?

... (Interruptions)

">SHRI TAPAN SIKDAR (DUMDUM): Mr. Chairman, Sir, I agree that it is an acute problem of the country and there is no doubt about it. But the question is: who has created this problem? (Interruptions) They have

made the trade union activities as a business and it is nothing but a profitable business without capital. (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Thank you. Please resume your seat. Shri Virendra Singh.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: I have called Shri Virendra Singh. Please resume your seat.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Basu Deb Acharia, will you please resume your seat?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, please resume your seat. Your name is there in the list.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Please resume your seat.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Dr. Asim Bala, please resume your seat.

... (Interruptions)

">

श्री वीरेन्द्र सिंह (मिर्जापुर): सभापति महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण समस्या की तरफ इस सदन का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय वीरेन्द्र सिंह जी, आप इसी इशू पर हैं?

... (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंह सभापति महोदय, मैं इसी इशू पर हूं। एक इशू पर इतनी चर्चा करेंगे तो बहुत महत्वपूर्ण इशू छूट जायेंगे, फिर इस पर कब चर्चा होगी। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : दूसरे इशू पर आने के पहले इस इशू पर सरकार का क्या रियेक्शन है, वह मालूम हो जाए।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : जब मैं खड़ा हूं, तो आप क्यों खड़े हैं? इस इशू पर बहुत सारे सदस्यों ने नाम दिए हैं।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You are supposed to sit when I stand here.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Varkala Radhakrishnan, you were the Speaker of the State Assembly. When I am talking to him, you are standing up. This is not the way to deal with the Chair.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Virendra Singh, the Government wants to react on this issue. If you want to speak on another issue, you can speak after the Minister's reaction.

... (Interruptions)

श्री वीरेन्द्र सिंह : सभापति महोदय, डाक कर्मचारियों की हड़ताल हुई और हमारे बंगाल के

... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : सवाल बंगाल का नहीं है, समूचे देश का है।

... (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र सिंह : आप कहने तो दीजिए। जो लोग

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आपको जो कुछ कहना है, कहिए, लेकिन मामले को काम्पलिकेटेड मत कीजिए।

श्री वीरेन्द्र सिंह : यह । कर रहे हैं। इन लोगों की मंशा रहती है कि मजदूरों के सैंटीमेंटस को उभार कर हर साल हड़ताल करो, समझौता करो और समझौता कराओ। ... (व्यवधान)

सभापति महोदय : यह जो भाषा का इस्तेमाल किया गया है, उन शब्दों को एक्सपंज कर दें।

श्री वीरेन्द्र सिंह : भारतीय मजदूर संघ देश का सबसे बड़ा संगठन है। वह इस आन्दोलन में डाक कर्मचारियों के हित के लिए सरकार से मांग करता है

... (व्यवधान)

SHRI N.K. PREMCHANDRAN (QUILON): Your Minister has already declared that this is a politically motivated strike. Do you agree with that?... (Interruptions).

MR. CHAIRMAN: Shri Premchandran, please do not discuss it between you and the other Member.

श्री वीरेन्द्र सिंह : भारतीय मजदूर संघ भी डाक कर्मचारियों की समस्याओं के लिए सरकार से मांग करता है कि उन की समस्याओं की तरफ भी सरकार ध्यान दे और समस्या का निराकरण करे। जिस मुद्दे पर कम्युनिस्ट पार्टी के यूनियन के लोग

... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : खाली कम्युनिस्ट नहीं,‘ऊ">**INTUC**

भी है।

श्री वीरेन्द्र सिंह :‘ऊ**">INTUC**

नहीं है।

... (व्यवधान)

---

*Expunged as ordered by the Chair.

सभापति महोदय : आप पूछिए, सरकार क्या करना चाहती है।

श्री वीरेन्द्र सिंह : महोदय, सवाल डाक कर्मचारियों का नहीं है। सारे क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों, जैसे बनारस के बुनकरों की समस्या है। बनारस क्षेत्र में बुनकरों की समस्या के बारे में मैं बोलना चाहता हूं।

... (व्यवधान)

13.00 hrs.

महोदय, बुनकरों की समस्या यह है।

... (व्यवधान)

उत्तर प्रदेश में बनारस के बुनकर काम करते हैं उन पर ऋण लादा गया है और किसानों पर भी ऋण है।

... (व्यवधान)

महोदय, इस कारण आज बहुत से बुनकर आत्महत्या करने के लिए विवश हैं। ... (व्यवधान) मैं आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि इन बुनकरों के बारे में सरकार क्या कदम उठा रही है?

SHRI AJAY CHAKRABORTY (BASIRHAT): Sir, the Minister has left the House, and he is trying to divert the issue.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : The Minister has left the House without your permission. It is disrespecting the Chair. What is this? ... (Interruptions)

">SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Sir, I am not receiving any letter from my constituency. I think, this is the position with everybody. ... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : Shri Virendra Singh, you had your say. Now, let him speak.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : We are not receiving any communication for the last six or seven days. The Government is boasting that they have made some skeletal arrangements. (Interruptions) When I am speaking, how can he interrupt?

SHRI MADHUKAR SIRPOTDAR (MUMBAI NORTH-WEST): When the postal employees are on strike, Shri Radhakrishnan says that he is not receiving letters.

MR. CHAIRMAN: Let him say whatever he wants to say. If it is unparliamentary, I will ask him to withdraw it. Otherwise, let it be there.

... (Interruptions)

SHRI MADHUKAR SIRPOTDAR : He is receiving letters from his constituency. I am not interrupting him, but this is a point of information.

MR. CHAIRMAN: Shri Sirpotdar, let me hear Shri Radhakrishnan. Please be brief, Shri Radhakrishnan.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : It is a false statement. There is no skeletal service or any such arrangement. The entire system is paralysed. We are not receiving any letters at all.

MR. CHAIRMAN: What do you want the Government to do?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : The Prime Minister should intervene and see that the matters are settled. The extra-departmental staff are being treated as slaves. In India, there is still slavery, though we boast that we have abolished this slavery system. Unfortunately, in India, the system of slavery is maintained in the Postal Department. The Fundamental Rights are denied to them. We are speaking about one-third reservations for women, but the extra-departmental staff are denied even the barest necessities of life. That is the position. So, I request the hon. Prime Minister to intervene immediately and settle the matter. Otherwise, the nation would be paralysed.

">SHRI K. KARUNAKARAN (THIRUVANANTHAPURAM): I want to make one suggestion.

MR. CHAIRMAN: We had enough discussion on this. Let us hear the Minister now.

SHRI K. KARUNAKARAN The Government had taken an anti-worker attitude. It is a conservative approach and that attitude should be changed. They should call them and try to settle the issue.

MR. CHAIRMAN: Let us hear the Minister now.

SHRI MOTILAL VORA (RAJNANDGAON): The strike is being taken very casually by the Government. For the last six days, we are not getting any letters. What is the Government doing?

MR. CHAIRMAN: Voraji, the Minister has come from the other House and she is making a statement.

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : मुलायम सिंह जी, यह बहुत गंभीर विषय है, आपको मालूम है। सुषमा स्वराज जी आ गई हैं वह आपको सारी पोजिशन बता देंगी।

">

सूचना और प्रसारण मंत्री तथा संचार मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): सभापति महोदय, नौ तारीख को डाक कर्मचारियों की कुछ यूनियनें हड़ताल पर गईं।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: I do not like any running commentary. Let us hear the Minister.

श्रीमती सुषमा स्वराज : दस तारीख को यह मसला कुछ माननीय सदस्यों ने यहां उठाया और उसी दिन दोपहर बाद तीन बजे मैंने एक वक्तव्य दिया।

यहां क्लैरिफिकेशन की प्रथा नहीं है, इसलिए क्लैरिफिकेशन नहीं हो पाया। प्राइवेट मैम्बर्स बिजनैस उसके बाद था, वरना अगर स्पीकर चाहते और क्लैरिफिकेशन होता तो उसका जवाब यहां मैं दे देती।

सभापति महोदय : यहां यह कन्वेंशन नहीं है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : हां, इसीलिए क्लैरिफिकेशन्स नहीं हुईं, केवल मेरा स्टेटमेंट हुआ। आप यह जानते हैं कि लोक सभा का नियम है कि जो मसला एक बार उठ चुका हो, वह पुनः उसी सत्र में नहीं उटाया जा सकता। लेकिन मैम्बर्स राइटली एजीटेटिड हैं। आज स्ट्राइक का छठा दिन है।

... (व्यवधान)

यह जीरो ऑवर का ही रूल है। ... (व्यवधान) जीरो ऑवर के नाम से कोई रूल रूल बुक में नहीं है।

... (व्यवधान)

मैटर्स ऑफ अर्जेंट पब्लिक इम्पोर्टेंस के नाम से रूल है।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN The hon. Minister is speaking and all of you have raised in your seats. That is not fair.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : Major General Bhuvan Chandra, AVSM Khanduri, please go to your seat.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : I am persuading you to resume your seats.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

(Interruptions) *

---

*Not Recorded.

श्रीमती सुषमा स्वराजः सभापति जी, दिक्कत यही है कि वाक्य सुनना नहीं और उसके पहले ही प्रतिक्रिया दे देना। मैं कह रही थी कि चाहे यह नियम है कि एक सत्र में एक मसला दुबारा नहीं उठाया जा सकता, लेकिन मैम्बर्स राइटली एजीटेटिड हैं इसलिए नियमों का हवाला न देकर भी जवाब देने के लिए मैं यहां खड़ी हूं।

... (व्यवधान)

पूरा वाक्य सुनना नहीं और प्रतिक्रिया करना शुरू कर देना ठीक नहीं है।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : जवाब सुनने से पहले अच्छा है या बुरा है आप कैसे बताएंगे।

श्रीमती सुषमा स्वराजः सभापति जी, यहां हड़ताल से होने वाले कष्टों का जिक्र किया जा रहा है। जब हड़ताल होगी तो असुविधा भी होगी और कष्ट भी होंगे। लेकिन एक बाद शुरू में ही मैं कहना चाहती हूं और मेरे साथी भरोसा करें कि इस हड़ताल की नौबत सरकार की ढिलाई, लापरवाही या उदासीनता के कारण नहीं आई।

... (व्यवधान)

सभापति जी, २१ अप्रैल १९९८ को इस महकमें का एडीशनल चार्ज मुझे मिला और तब स्ट्राइक का नोटिस कहीं नहीं था। उसी दिन चार्ज संभालने के तुरंत बाद अधिकारियों से वार्ता करने के तुरंत बाद मैंने उनसे पूछा ऐसे कौन से मसले यहां पर पैंडिंग पड़े हैं जिनको एड्रैस करने की मुझे जरुरत है। एक पोस्टमैन का और दूसरा ई.डी. का मसला मुझे बताया गया। मैंने अपने वक्तव्य में भी पोस्टमैन का मसला बताया है। पोस्टमैन और मेल-गार्ड के वेतन की समानता दूसरे वेतन आयोग से पांचवें वेतन आयोग तक सी.पी.ओ. सिपाही के साथ चल रही थी। पांचवें वेतन आयोग ने भी उस समानता को बरकरार रखा था। लेकिन उस समय की संयुक्त मोर्चा सरकार ने उस पे-पैरिटी को एक निर्णय लेकर डिस्टर्ब कर दिया। उन्होंने सी.पी.ओ. के सिपाही को दिल्ली पुलिस के सिपाही के बराबर करने के लिए उसको ज्यादा दे दिया। इस पर पोस्टमैन और मेल-गार्ड संघर्ष करने लगे और सरकार से मांग करने लगे कि जो समानता तीन वेतन आयोगों तक चलती रही वह बहाल की जानी चाहिए। उस पर संयुक्त मोर्चा सरकार ने यह निर्णय किया और यह स्टैंड लिया।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN Interruptions from Ministers are also not allowed!

श्रीमती सुषमा स्वराज : संयुक्त मोर्चा सरकार ने यह कहा कि हमारे द्वारा यह कॉन्शस डिसिजन लिया गया था, सूझबूझ और सोच-विचार से लिया गया था, हम इस प्रोन्नति को बहाल नहीं करेंगे। मुझे अधिकारियों ने कहा कि पहला मसला यह है कि अगर इस पे पैरिटी को बहाल कर सकें तो बाकी लोगों की मदद हो सकती है और पोस्टमैन की एक डिमांड खत्म हो सकती है।

जब वह ई.डी. के बारे में कहने लगे तो मैंने कहा कि इस बारे में बताने की जरूरत नहीं है। ई.डी. के संघर्ष के साथ मैं स्वयं जुड़ी रही हूं। इसी डाक भवन में धरने पर बैठी हूं इसलिए ई.डी. की दुर्दशा मुझे मालूम है। जस्टिस तलवार कमेटी की सिफारिशें भी मुझे मालूम हैं लेकिन इसमें आगे समाधान की तरफ बढ़ना चाहिए। इसलिए मैं दोहराना चाहती हूं कि मैंने २१ अप्रेल को बिना समय खोए पहले ही दिन ये दोनों मसले अपने हाथ में लिए और इसमें आगे बढ़ने लगी। बहुत से लोग सरकार में रहे हैं, बहुत से लोग समर्थन देते रहे हैं, उन्हें इतना जरूर पता है कि मामला कैबिनेट तक ले जाने के लिए खास तौर पर जब इंटर-मिनिस्ट्रीएल मामला हो तो कुछ समय लगता है। बहुत सी औपचाकिताएं पूरी करनी होती हैं। मैं उन औपचारिकताओं को पूरा करने में लग गई। इसी बीच दो यूनियनों की तरफ से स्ट्राइक का नोटिस आ गया। मैंने दोनों को २६ तारीख को बुलाया। उसमें सारे के सारे लोग आए। मैंने उनसे बात करते हुए कहा ये दोनों मसले पहले दिन २१ अप्रेल को अपने हाथ में लिए थे, लेकिन मुझे चार्टर आफ डिमांडस में से बोनस का मसला जायज लगता है क्योंकि ४० दिन का राइडर पोस्टल एम्पलाइज के बोनस पर लगे, यह सही नहीं है। तीन ऐसी मांगे थीं जो पोस्टल विभाग से सीधे संबंधित थीं, जहां डिपार्टमैंट को व्यू लेना था और बाकी की सात मांगें वेतन आयोग की असंगतियों के संबंध में थीं। पांचवे पे कमीशन में जो एनॉमलिज डिफरैंट डिपार्टमैंटस में हुईं, वे उनसे संबंधित थीं। हमने उनसे कहा कि उन सातों मांगों को एनॉमली कमेटी में दिया जाएगा। उसमें डिपार्टमैंट अपना व्यू रखेगा लेकिन इन तीनों को सुलझाने की जिम्मेदारी मैं लेती हूं, स्ट्राइक पर मत जाओ, इन तीनों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा ठीक है। हम डाकिए वाला मसला कैबिनेट में ले गए जो पिछली सरकार से रिजैक्टिड था। जिस मसले पर पिछली सरकार का जो स्टैंड था कि वह हमारा कॉन्शस डिसिजन है, हम डिसटर्बड पैरिटी को बहाल नहीं करेंगे, इसको इस सरकार की कैबिनेट ने किया। वह मसला हमने हल कर दिया। वह पैरिटी जो डिस्टर्ब हो गई थी, उसे हमने बहाल कर दिया।

सभापति महोदय, मैं चाहूंगी कि आप इस पर गौर करें। हमने तीन चीजें ली थी एक करके दिखा दी और वह कर दी जो कठिन लगती थी, शायद किसी को असम्भव भी लगती थी मगर वह हमने कर दीं। इसलिए मेरी विश्वसनीयता संदेह के पार स्थापित हो गई। मैंने उनसे कहा कि हमें दोनों मसलों पर आगे बढ़ने दिया जाए, ड्राफ्ट नोट तैयार होकर कैबिनेट में जाने वाले हैं, इसलिए स्ट्राइक पर मत जाइए। इसके बाद भी वह स्ट्राइक पर गए। मैंने पूछा कि इन यूनियन्स पर कौन लोग प्रीवेल कर सकेंगे, किन की बात हो सकेगी? मुझे पता लगा कि वामपंथी नेता से मेरी बात हो जाए तो यह स्ट्राइक रुक सकती है। सोमनाथ जी यहां नहीं थे। मैं उन्हें बताना चाहूंगी कि मुझे दो नाम बालानन्दन जी और प्रकाश कारथ जी के दिए गए। मैंने अलग तरीके से स्ट्राइक को रोकने की कैसे कोशिश की, मैं वह भी बताना चाहूंगी। मैंने बालानन्दन जी से सम्पर्क किया। वह मुम्बई गए थे। मुझे मिले नहीं। मैंने प्रकाश कारथ से बात की। उनसे कहा कि बालानन्दन जी यहां नहीं हैं, मुम्बई के नम्बर पर भी सम्पर्क नहीं हो रहा है, मैं इन दोनों मसलों के समाधान के कगार पर खड़ी हूं। पोस्टमैन वाला मसला हल हो गया, ये दोनों करने जा रही हूं, आप यूनियन्स को समझा दीजिए कि वे कल हड़ताल न करें। उन्होंने कहा कि मैं बात करके जरूर बताऊंगा। उनका कोई फोन नहीं आया। ... (व्यवधान) वह मुझे कह सकते थे। मेरे कहने का मतलब यह है वह कह देते कि मैं इस पोजिशन में नहीं हूं।

... (व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE What is the present position? What is your stand? Please tell us about that... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Somnath Chatterjee, let her finish.

... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE I am requesting her to yield for a minute...(Interruptions) Sushma ji, are you not yielding?...(Interruptions) If she is yielding for a minute, how are you objecting to it? There is a procedure for parliamentary behaviour. I am requesting the Minister to yield for a second. Would you?

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Yes, I will.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE That is what I am requesting you ...(Interruptions)

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: I can yield...(Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : She is yielding...(Interruptions)

MR. CHAIRMAN : There is a parliamentary convention. She is yielding.

... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE Sir, it is very kind of her that she is yielding...(Interruptions)

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: Shri Somnathji, I ever yield to you. There is no problem.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE But you are not yielding to my reasonable demands. Sir, she is apparently trying to give an impression that she is sympathetic and there is only the procedural dealy. According to her, the unions did not wait to give her time to overcome the procedural matter...(Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप मुझे अपनी बात अकार्डिंगली पूरी करने दीजिये।

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI DALIT EZHILMALAI): You are infering...(Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : She is trying to say that the strike is politically motivated. That is what I am trying to say...(Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं आपको बताती हूं। यदि मेरी बात सुनते तो आपको जवाब मिल जाता। बात को रखने का एक क्रोनलॉजीकल आर्डर होता है। अब अगर आप कहते हैं कि भूख लगी है तो फिर खाना खाने चले जायें। मुझे यहां बुलाकर खड़ा क्यों किया है?

MR. CHAIRMAN: She is quite capable of defending herself.

... (Interruptions)

SHRI DALIT EZHILMALAI: Now the cat is out of the bag...(Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति जी, आखिरकार लगता है...

सभापति महोदय : लगता है सब को भूख लगी है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : अगर भूख लगी है तो फिर सुनना क्यों चाहेंगे?

श्री मोतीलाल वोरा : आप अपनी बात कहती जायें, भूख नहीं लगी है।

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप यदि पृष्ठभूमि नहीं सुनेंगे तो कैसे होगा?

प्रो. पी.जे. कुरियन : आप इतना ही बोलिये कि आप क्या करना चाहती हैं?

MR. CHAIRMAN: No running commentary please. She is coming to the end of her speech.

... (Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप मुझे सुन तो लीजिये। क्या आप नहीं सुनना चाहते हैं?

MR. CHAIRMAN: This is not a Question Hour. She is making a statement about the present position.

... (Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या ये भी इंस्ट्रक्शन्स दी जायेंगी कि मैं क्या बोलूं और क्या नहीं बोलूं?

सभापति महोदय : आपको जो कहना है, कहिये।

PROF. P.J. KURIEN : You are giving history. Please respond to our demands...(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Let her speak.

... (Interruptions)

PROF. P.J. KURIEN : Are you speaking relevant things? You respond to our demands...(Interruptions)

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: The whole history is relevant...(Interruptions)

PROF. P.J. KURIEN : I am not saying that it is irrelevant. But please respond to our demands...(Interruptions)

SHRIMATI SUSHMA SWARAJ: You listen to relevant things...(Interruptions)

श्री सुदीप बंदोपाध्याय (कलकत्ता उत्तर-पश्चिम) : प्रकाश कारत का नाम आ गया तो गुस्सा हो गये।

(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: All those comments will be expunged.

... (Interruptions)

---

*Not Recorded.

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैं कोई इररेलेवेंट हिस्ट्री का बखान नहीं कर रही हूं। मैं तो यह कह रही थी कि मेरा जो पहला वाक्य था कि हमारी ढिलाई, लापरवाही और उदासीनता के कारण हड़ताल नहीं की गई जिसे मैं सब्सटैंशिएट कर रही हूं। मेरा अधिकार बनता है कि मैं सब्सटैंशिएट करूं। मैं आपको बताना चाहती हूं कि ९ तारीख तो हड़ताल हो गई। मैंने उसी दिन ३.०० बजे यूनियन्स को बुलाया...

श्रीमती सूर्यकांता पाटील (हिंगोली) : आप वापस उसी पाइंट पर आ गईं।

श्रीमती सुषमा स्वराजः कहां से उस पाइंट पर आ गई? ९ तारीख की बात तो कही नहीं थी। अगर आप अपने मन की बात सुनना चाहेंगे तो मुझे बुलाने पर जो फैक्ट्स हैं, वे सुनिये। सुनना है तो सुनिये और अगर भूख लगी है तो सदन को एडजर्न कराइये। ये दोनों चीज़ें एक साथ नहीं चल सकती। आप तो यहां पर ८-१० लोग बोलेंगे। मंत्री को यहां बुलायेंगे। बयान देने के लिये खड़े होंगे तो सुनेंगे नहीं।

सभापति महोदय : इस हाउस की यही तो मुश्किल है।

श्रीमती सूर्यकांता पाटील : सभापति महोदय, सदस्यों के साथ इस तरह के व्यवहार का कोई तरीका नहीं है।

MR. CHAIRMAN: She was in the other House. The House wanted her to make a statement. She came. She should be heard.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: She will not yield. That is not fair.

... (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): This shows how arrogant she is! ...(Interruptions)

MR. CHAIRMAN: No running commentary please.

... (Interruptions)

श्रीमती सूर्यकांता पाटील : क्या यह संसद सदस्यों के साथ बात करने का तरीका है?

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Do you not want to hear her?

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Then why do you object to her speaking?

SHRI N.K. PREMCHANDRAN (QUILON): Sir, how can she say that `if you want to listen you listen otherwise go out?'... (Interruptions)

श्री कांतिलाल भूरिया (झाबुआ) : आप मंत्री महोदय से कहें कि माफी मांगें। ... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Madam, please resume your seat. I am on my legs.

... (Interruptions)

SHRI N.K. PREMCHANDRAN : Sir, we are here to participate in the discussion... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Premchandran, this is not the way. Please be seated.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Shri Radhakrishnan, please hear her.

... (Interruptions)

श्री मोतीलाल वोरा : सभापति जी, विमॅन्स बिल पर झगड़ा हो गया इसलिए सारा गुस्सा यहां उतार रही हैं।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Vaiko, please be seated.

... (Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति जी, यह बहुत गलत बात है। उधर से कोई भी कमेण्ट आए तो वह कमेण्ट नहीं है?

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप लोग इतने इमपेशेण्ट हैं?

... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज : आप कह रहे हैं कि भूख लग रही है। हम कहते हैं तो क्या हो गया?

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: If you have the right to speak, she also has got the right to speak as a Minister.

... (Interruptions)

SHRI TARIT BARAN TOPDAR (BARRACKPORE): Sir, the Minister is provoking unlike a Minister... (Interruptions)

सभापति महोदय : गीता जी, आप बैठिये।

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Like every Member, the Minister has also got the right to speak as long as it is not unparliamentary.

... (Interruptions)

SHRI TARIT BARAN TOPDAR : Let her confine to the subject... (Interruptions)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Let us hear her... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: If you do not want to listen to her, we will end up the discussion.

... (Interruptions)

MR. CHAIRMAN: Yes, Shrimati Sushma Swaraj, please continue.

श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति जी, मैं कह रही थी कि ९ तारीख को जब स्ट्राइक हो गई, उस दिन भी

... (व्यवधान)

अगर नहीं सुनना तो फिर यही कहेंगे।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: If you are not interested, we will adjourn the House and go for lunch.

... (Interruptions)

श्रीमती सुषमा स्वराज : ठीक है। आप ऐडजर्न कर दीजिए।

MR. CHAIRMAN: No, no. We can do that if they do not want to hear.

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : हम तो चुपचाप सुन रहे हैं। जो नहीं सुन रहे हैं उनसे कहिये।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Order, please. Yes, Madam.

श्रीमती सुषमा स्वराज : सभापति जी, मैं कह रही थी कि ९ तारीख को स्ट्राइक के पहले ही दिन फिर तीन बजे मैंने यूनियन्स को बुलाया और कहा कि

... (व्यवधान)

क्यों बोलूं? सुनना चाहेंगे तो बोलूंगी, नहीं तो क्या ऐसे ही बोलूं?... (

Interruptions)

MR. CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet again at 2.30 p.m.

13.25 hrs

The Lok Sabha then adjourned till thirty minutes

past Fourteen of the Clock.

________

14.33 hrs

The Lok Sabha re-assembled at thirty-three minutes

past Fourteen of the Clock.

(Shri Beni Prasad Verma in the Chair)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): You are a former Communications Minister, Sir.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): Just before the recess, the hon. Minister for Communications was making a statement. So far as I have understood it, her statement was not completed. Some questions were raised. She somewhat expressed her annoyance. But now I do not find her here. What has happened to her statement? Will that remain incomplete? Is it the way to treat the House?

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): सभापति जी, हाउस का पूरा मान-सम्मान है। उस समय किस परिस्थिति में सभापति जी ने हाउस एडजर्न किया।

आप लोग जीरो ऑवर में मंत्री जी को सुनने के लिए तैयार नहीं थे, उनको बार-बार टोक रहे थे

... (व्यवधान)

मैं मंत्री जी को बुला देता हूं।

... (व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): ... (Interruptions) This is how the House is being treated. ... (Interruptions)

सभापति महोदय : मंत्री जी उत्तर दे रहे हैं आपको धैर्यपूर्वक उनको सुनना चाहिए।

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुराना: आप मेरी बात तो सुन लीजिए।

... (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister is replying.

... (Interruptions)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, no business other than the statement by the hon. Minister of Communications can be taken up now.

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : जब मंत्री जी बोल रहे हैं, तो पहले आप उनकी सुन लीजिए। ... (व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : The statement began by the gracious, charming Sushmaji cannot be continued by Shri Khurana.

सभापति महोदय : मंत्री जी उत्तर देने के लिए खड़े हुए हैं, आपको उन्हें सुनना चाहिए।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Is this the way the Government should treat this House? She began making her statement and there might have been some interjections. (Interruptions)

श्री मदन लाल खुराना: सभापति महोदय, उस समय जीरो आवर में चूंकि माननीय सांसद उनकी बात नहीं सुनना चाहते थे इसलिए स्पीकर साहब ने जीरो आवर में हाउस एडजर्न कर दिया।

... (व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): The House should not be treated like this. You adjourn the House till the Minister of Communications comes here.

सभापति महोदय : कृपया सभी माननीय सदस्य बैठ जाएं। मंत्री जी आ गई हैं।

SHRI A.C. JOS (MUKUNDAPURAM): We are anxiously waiting for you.

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): I am very happy that hon. Members are anxiously waiting for me. It is a privilege for me to speak before you.

श्री सोमनाथ चटर्जी : मंत्री जी अच्छी-अच्छी बात बोलिएगा।

श्रीमती सुषमा स्वराजः सोमनाथ जी, मैं तो गलत बात करती ही नहीं हूं। यह अलग बात हो कि आप उसे गलत समझ लें। मैं हड़ताल की परिस्थिति बता रही थी और इस बात पर बल देने के लिए बता रही थी कि हम लोगों ने इस हड़ताल को टालने में और मसले का समाधान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। यूनियन के नेताओं से, राजनीतिक नेताओं से बात करके और मसले के समाधान की दिशा में बढ़कर, यानी तीनों तरह से यह प्रयास किया, लेकिन मुझे दुख है कि मसले का समाधान नहीं हुआ। मैं 'दुख' शब्द का प्रयोग कर रही हूं क्योंकि हमारे वामपन्थी साथियों ने बजाय सहयोग करने के १० तारीख को पोलित ब्यूरो की तरफ से इस हड़ताल को समर्थन देकर राजनीतिक रंग देने का प्रयास किया है। ... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : हड़ताल को समर्थन देने से हमने किस तरह राजनीतिक रंग दिया बताएं? क्या हड़ताल को समर्थन देना राजनीतिक रंग देना होता है।

श्रीमती सुषमा स्वराजः राजनीतिक रंग देना क्यों होता है, यह मैं आपको बताती हूं। हड़ताल को समर्थन देना इसलिए राजनीतिक रंग होता है कि कहीं न कहीं यह संकेत जाए कि सरकार नहीं कर रही है, हम लोग दबाव डालकर, प्रैशराइज कर के करवा रहे हैं और यह संकेत न सच है और न सही है क्योंकि आप जानते हैं कि अप्रेल १९९७ में जस्टिस तलवार कमेटी की सिफारिश आ गई थीं। नवंबर, १९९७ तक युनाइटेड फ्रंट की सरकार रही। उस समय जो संचार मंत्री थे, वे आज यहां पीठासीन अधिकारी हैं।

सभापति महोदय : हमने रिक्मेंड कर के भेज दिया था।

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैं वही बता रही हूं कि जब सरकार गिरने लगी तो ड्राफ्ट नोट बनने लगा। आज आप कह रहे हैं कि १०० दिन पहले क्यों नहीं आया.

... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : १०० दिन नहीं, अब तो १०९ दिन हो गए।

श्रीमती सुषमा स्वराजः चलिए १०९ दिन मान लीजिए और ज्यादा मान लीजिए। अप्रेल और सितंबर के बीच में तो १०० दिन से ज्यादा समय होता है।

श्री बसुदेव आचार्य : यह मंत्रालय आपके पास रहने वाला नहीं है। आप इसको जल्दी से जल्दी कर दीजिए। आपका नाम इतिहास में आ जाएगा।

श्रीमती सुषमा स्वराजः आपकी शुभेच्छाओं के लिए शुक्रिया। मैं यह कह रही हूं कि अपैल से नवंबर तक १०० दिन से दुगना समय होता है। मैंने २१ अप्रेल को इसे शुरू भी कर दिया। बजाय मुझसे यह पूछने के कि हम क्या कर रहे हैं आप इस प्रकार बीच में व्यवधान डाल रहे हैं। जहां तक करने का सवाल है, मैं बताना चाहती हूं कि डाक सचिव के स्तर पर बात चल रही है।

उधर कंटीजेंसी प्लान इसके लिए भी बन रहे हैं कि जनता को कम से कम असुविधा हो। लेकिन मैं चाहूंगी कि अगर वाकई ही हम इस समाधान के अंदर मन से लगे हुए हैं और चाहते हैं कि वह हो, आज सारे सदन के लोग, हर तरफ के लोग चाहते हैं कि यह समाधान हो, खासकर ई.डी. की दुर्दशा का समाधान हो, तो आप लोग संसद से अपील करिये कि कर्मचारी हड़ताल वापिस करें।

... (व्यवधान)

आप मेरे साथ बैठिये। मैं ऑफर कर रही हूं।

... (व्यवधान)

सभापति जी, आप पीठासीन हैं। आप पूर्व संचार मंत्री हैं। यहां तमाम ऐसे लोग बैठे हैं जो कभी न कभी सरकार में रहे हैं या सरकार को समर्थन देते रहे हैं जिन्हें गवर्नैंस के बारे में मालूम है। आपने कहा था कि आपने कोई ड्राफ्ट कैबिनेट नोट बनाया था।

... (व्यवधान)

यानी तलवार कमेटी की पूरी सिफारिशें आपने देखी हैं।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय आपने देखा होगा।

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैं इसलिए कह रही हूं।

... (व्यवधान)

मैं कब मना करती हूं।

... (व्यवधान)

आप तय करिये कि कौन-कौन मेरे साथ बैठेगा।

... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : उनके समय भी हड़ताल हुई थी।

... (व्यवधान)

हड़ताल चलते समय उन्होंने एग्रीमैंट किया था और हड़ताल खत्म हुई थी। ... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराजः बासुदेव जी, जब मैं ऑफर कर रही हूं तो आप बात कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

बजाए लम्बी और विस्तृत बात के, आप करिये अभी हल निकलेगा। ... (व्यवधान) जनता के कष्ट को देखते हुए आप संसद से अपील करिये।

... (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : हम आपको अपील कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

सरकार से अपील कर रहे हैं लेकिन आप सुन नहीं रही हैं।

... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैं आपको अपील कर रही हूं।

... (व्यवधान)

मेरी ऑफर है।

PROF. P.J. KURIEN (MAVELIKARA): You are in the Government. We are not in the Government.

श्री बसुदेव आचार्य : हम सरकार से अपील कर रहे हैं।

... (व्यवधान)

हमारी अपील का क्या हुआ?

... (व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराजः मैं बता तो रही हूं।

... (व्यवधान)

आपकी अपील पर मेरी यह ऑफर है कि आप मेरे साथ बैठिये। मसले का हल निकालने के लिए आप मेरे साथ बैठिये।

... (व्यवधान)

आप तमाम लोग हड़ताल के कन्टेंट भी जानते हैं और ई.डी. का दर्द भी जानते हैं। दोनों चीजों का एक समन्वय था। आप सब लोग सरकार में रहे हैं इसलिये आप मेरे साथ बैठिये।

... (व्यवधान)

मैं बैठने को तैयार हूं, हल करने के लिए तैयार हूं लेकिन आप अभी यहां से अपील करिये कि जनता को जो कष्ट हो रहा है, उसके चलते आप हड़ताल वापिस लें और संचार मंत्री के साथ बैठकर कोई हल निकालें।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Sir, this is nothing but a politically motivated reply by the Minister to a vital issue concerning the entire nation. ... (Interruptions) I am sorry to say that the Government's attitude is totally politically motivated. She has declared a war on the workers. We cannot accept this statement. ... (Interruptions) We demand that the Government should start the dialogue and find out a solution. ... (Interruptions) Her intransigence is politically motivated. We charge that it is a politically motivated reply. ... (Interruptions) She found a political motive behind the agitation of the workers. We charge that her statement is politically motivated. We charge that her intransigence is politically motivated. We wish to record our protest and we are walking out of this House. ... (Interruptions)

14.43 hrs

(At this stage, Shri Somnath Chatterjee and some other

hon. Members left the House.)

... (Interruptions)

PROF. P.J. KURIEN : Sir, the attitude of the Government is very callous. ... (Interruptions) The Government's attitude is anti-working class. ... (Interruptions) We protest against this and we are also walking out of the House. ... (Interruptions)

14.43 hrs

(At this stage, Shri P.J. Kurien and some other

hon. Members left the House.)

... (Interruptions)

SHRI PRAMOTHES MUKHERJEE (BERHAMPORE) (WB): Sir, in protest against the attitude of the Government, we are also walking out of the House.

... (Interruptions)

14.44 hrs

(At this stage, Shri Pramothes Mukherjee and some other

hon. Members left the House.)

">

श्री मोहन सिंह (देवरिया): सभापति जी. यह सरकार जनता के साथ

... (व्यवधान)

सरकार के निकम्मेपन की वजह से डाक कर्मचारियों के साथ कोई बातचीत नहीं हो पाई। उनकी जायज मांगों को यह सरकार स्वीकार करने में विफल है। आज भी मंत्री जी ने अपने जवाब में कोई ठोस सुझाव नहीं दिया कि यह सरकार डाक कर्मचारियों के साथ बातचीत करने के लिए क्या प्रस्ताव रखती है।

... (व्यवधान)

इसलिए जानबूझकर पूरे देश को एक खास परिस्थिति में परेशानी में डाल रखा है।

... (व्यवधान)

सरकार की स्थिति के विरोध में हम और हमारा दल संसद से बहिर्गमन करता है।

14.44 hrs.

एक सदस्य होने की स्थिति में 'तथा कुछ अन्य माननीय सदस्यों' मिटाएं।

(At this stage, Shri Mohan Singh and some other hon. Members left the House.)

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): सभापति जी, सरकार की अक्षमता के विरोध में हम भी वाकआउट करते हैं।

14.45 hrs.

एक सदस्य होने की स्थिति में 'तथा कुछ अन्य माननीय सदस्यों' मिटाएं।

(At this stage, Shri Raghuvans Prasad Singh and some other Hon. Members left the House)

___________